
# पीने के पानी की पाईप लाइन फूटी, दहशत में वार्डवासी

**गणेशगंज नवभारत। लखनादौन जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत गणेशगंज के शंकराचार्य कालोनी गुंगवारा रोड़ में विगत दिनों से स्थानीय नल जल प्रदाय योजना की पाईप लाईन फूट जाने से पानी रोड़ों में बह रहा है। जिससे अनेकों प्रकार की असंख्या व्याप्त हो रही है।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार स्थानीय नल जल प्रदाय योजना अंतर्गत बिछाई गई लाईन का पाईप अज्ञात कारणों से टूट गया है जिसके कारण पानी रास्ते में बह रहा है वही इंदौर जैसी घटना से प्रदेश भर में दहशत का माहौल व्याप्त हैं। वार्ड वासियों की माने तो फूटी हुई पाईप लाईन से गंदा पानी समाए जाने तथा की जा रही जलापूर्ति के माध्यम से वार्ड वासियों के घर तक गंदा पानी जाने की बात की जा रही है। जिससे अनेकों बीमारी उत्पन्न होने हो सकती है।

### इंदौर की घटना से खौफ का माहौल

आपको विदित हो अभी हाल ही में इंदौर के भागीरथपुरा क्षैत्र में दूषित (जहरीले) पानी पीने से किसी को इंफेक्शन हुआ तो किसी की किडनी खराब हुई जिससे 17 बेकसूरो ने अपनी जान गंवा दी वही कुछ अभी भी अस्पताल के आईसीयू वार्ड में जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहे हैं।




### कलेक्टर ने दिए सख्त निर्देश

इंदौर की घटना को दृष्टिगत रखते हुए मध्यप्रदेश शासन के आदेशानुसार सिवनी जिला कलेक्टर श्रीमति शीतला पटले ने सभी नल जल योजनाओं तथा जल शोधन संयंत्रों पर सख्त निगरानी के आदेश जारी कर दिए हैं। साथ ही पानी की गुणवत्ता का नियमित और निरंतर परीक्षण किए जाने के साथ दूषित पाए जाने पर तत्काल सुधार कार्य करवाए जाने की कार्यवाही सुनिश्चित की गई है। वही नल जल योजनाओं की साप्ताहिक रिपोर्टिंग की जाएगी जिसमें लापरवाही पाए जाने पर सक्त कार्यवाही किए जाने निर्देश दिए गए हैं। अब देखने वाली बात होगी ग्राम पंचायत गणेशगंज उपरोक्त समस्या का कब ओर कैसे समाधान निकालती है।

### इनका कहना है

शंकराचार्य वॉर्ड गुंगवारा रोड़ पर पेयजल पाईप लाईन टूटी है जिसका पानी रोड़ में बह रहा है मैने पंचायत सचिव को इसकी सूचना दिया है। गांव तथा वार्ड में गंभीर बिमारी जैसी अनहोनी न हो इसलिए समय रहते इसका कार्य किया जाना चाहिए ।

**गिरीराज सिंह ठाकुर**
**निवासी, गणेशगंज**

पाईप लाईन टूटने की जानकारी मुझे प्राप्त हुई है मैने मौके पर जाकर देखा हूं। उसमें टीएस करवा रहे हैं रोड़ के नीचे लाईन टूटी है उसे निकालकर नई लाईन शीघ्र ही डाल देगें जिससे समस्या खत्म हो जाएगी।

**बलराम यादव ,सचिव**
**ग्राम पंचायत गणेशगंज**



## कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ शिवपुराण, भागवत कथा ज्ञान यज्ञ

**छपारा नवभारत।** नगर के बैंनगंगा नदी पुल घाट पर 7 से 15 जनवरी तक सार्वजनिक संगीत में शिव पुराण भागवत कथा ज्ञान यज्ञ की शुरुआत 7 जनवरी को कलश शोभा यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ जिसमें कथा वाचक कन्हैया जी महाराज के सानिध्य में उक्त कलश शोभायात्रा निकाली गई जो नगर के बैंनगंगा नदी के प्राचीन शिव मंदिर घाट से दोपहर 4 बजे पावन नदी की विधिवत पूजा अर्चना कर कलशों में जल भरकर नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए बस स्टैंड और कार्यक्रम स्थल पर शाम लगभग 6 बजे पहुंच कर कथा वाचक कन्हैया लाल जी द्वारा पुजा पाठ कर प्रथम दिवस कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें द्वितीय दिवस 8 जनवरी से 14 जनवरी तक प्रतिदिन महाराज श्री के मुखारविंद से दोपहर 1 बजे से शाम 6 बजे तक शिवपुराण भागवत कथा का वाचन करेंगे वहीं 15 जनवरी को विशाल भंडारा प्रसादी वितरण किया जाएगा।आयोजन समिति नगर समस्त वंशकार समाज एवं नगरवासियों ने सभी श्रद्धालुओं से आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए सादर आमंत्रित किया गया है।

## एक नजर में

### पवन करेंगे मध्य प्रदेश कबड्डी टीम का प्रतिनिधित्व



सिवनी। कबड्डी एकेडमी के संरक्षक संतोष अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष बदल बैन दीपचंद ने ने जानकारी बताते हुए साझा किया कि सिवनी कबड्डी एकेडमी के खिलाड़ी पवन नामदेव पिता देवेंद्र नामदेव का चयन मध्य प्रदेश सीनियर सर्किल स्टाइल कबड्डी की प्रवीण सूची में अपना नाम शामिल किया गया है पावन ने इससे पहले फ्री स्टाइल कबड्डी ने जिला सिवनी एवं जबलपुर संभाग और यूनिवर्सिटी स्तर में जिले का नाम रोशन किया हुआ है। अब सर्किल स्टाइल कबड्डी पर चयन हुआ इस उपलब्धि पर सिवनी एकेडमी की कोच संगीता सिंह कबड्डी कोच और सिवनी एकेडमी के अध्यक्ष अनिल कनोजिया ने शुभकामनाएं दिया है। जिले की एक ओर प्रतिभा राष्ट्रीय स्तर पर खेलने जा रही ही जिसपर सिवनी खेल एवं युवा कल्याण विभाग अधिकारी मनु धुर्वे अब्दुल हक़ खान, नारायण बिसेन, ढाकरे बाबू,निकेश, ओम शिवे, शिवानी के साथ विभाग के समस्त कर्मचारीयो ने बधाई दिया सिवनी के0सी0 बापू राउर स्पोर्ट्स ऑफिसर पी 0जी 0 कॉलेज सिवनी ने बधाई और शुभाशीष प्रदान किया ।इसी कड़ी में एकेडमी के पदाधिकारियों ओर खिलाड़ियों में बाराती लाल उईके, सलीम मासब,अंकित ठाकुर ,रौनक श्रीवास्तव, मोनू ,हरिराम, लखन, उदय, उदित, बारिश, अनुपम चौहान, इंदर, अन्य खिलाड़ियों ने बधाई प्रेषित किया।

### अंकुर राजेश गेडाम को स्टॉफ ने दी विदाई



सिवनी। अंकुर राजेश गेडाम की विदाई समारोह सिवनी में बड़े धूमधाम से आयोजित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं अभिकर्ताओं ने उनके उज्वल भविष्य की कामना की। अंकुर राजेश गेडाम ने 12 अगस्त 2024 को सिवनी में असिस्टेंट पद पर जॉइन किया था। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने अपने कर्तव्यों का पालन पूरी निष्ठा, नियमबद्धता एवं समयबद्ध तरीके से किया, जिसकी सभी ने सराहना की। वर्तमान में प्रमोशन एक्सरसाइज 2025 में अच्छे अंक प्राप्त करने के कारण उनका प्रमोशन होकर एडमिनिस्ट्रेटर ऑफिसर पद पर चयन हुआ है। प्रमोशन के उपरांत उनका तबादला भोपाल कर दिया गया है। इस अवसर पर सिवनी ब्रांच मैनेजर अमित भगत सहित समस्त कर्मचारी एवं अभिकर्ताओं ने उन्हें बधाई प्रेषित की।



## ऑल इंडिया कराते चैंपियनशिप में सिवनी जिले ने जीता मेडल

**सिवनी नवभारत।** जिला कराते संघ सिवनी के कराते खिलाड़ियों ने इंदौर में आयोजित ऑल इंडिया इंटर स्कूल कराते चैंपियनशिप दिनांक 4 जनवरी को इंदौर पब्लिक स्कूल में आयोजित कराते चैंपियनशिप में भाग लिया ।

शिहांन ओमकार कश्यप ने बताया सिवनी जिले से उत्कृष्ट कराते खिलाड़ियों ने सेंसेई घनश्याम कश्यप के मार्गदर्शन में दीपांशु डोले ने कुमिते में गोल्ड मेडल, खुशील चंदेल ने कुमिते में ब्रॉन्ज़ मेडल, आलोक सूर्यवंशी ने कुमिते में ब्रॉन्ज़ मेडल, यशवंत कश्यप ने कुमिते में ब्रॉन्ज़ मैडल, परी राजपूत ने काता में ब्रॉन्ज़ मैडल, अंजली मरावी ने काता में ब्रॉन्ज़ मैडल, गायत्री झरिया ने काता में ब्रॉन्ज़ मैडल, वंदना उइके ने काता में ब्रॉन्ज़ मैडल जीत कर सिवनी जिले के नाम को गौरान्वित किया।

टीम मैनेजर सेंसेई साक्षी कश्यप, टीम कोच सेंसेई घनश्याम कश्यप एवं समस्त विजेता खिलाड़ियों को खेल प्रेमी एवं अभिभावकों ने शुभकामनाएं दी।

### स्लॉट बुकिंग 13 जनवरी तक

सिवनी। शासन के निर्देशानुसार खरीफ विपणन में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन 01 दिसम्बर 2025 से 20 जनवरी तक किया जा रहा है। जिला आपूर्ति अधिकारी ने जानकारी देकर बताया कि शासन के निर्देशानुसार ई-उपार्जन पोर्टल पर किसानों की स्लॉट बुकिंग 13 जनवरी 2026 तक की जा सकती है। जिन किसानों से स्लॉट बुकिंग छूट गई है, वे समय पर स्लॉट बुक करा सकते हैं।

### विद्युत मंडल की समाधान योजना का लाभ लें

छपारा। विद्युत मंडल के समाधान योजना का लाभ हेतु उपभोक्ताओ से अपील करते हुए सिवनी वृत्त के अधीक्षण अभियंता पी के गेडाम द्वारा 06 जनवरी मंगलवार को लखनादौन संभाग अंतर्गत, छपारा उप संभाग के वितरण केंद्र छपारा 1, 2 एवं गणेशगंज का निरीक्षण किया गया, जिसमें मध्य प्रदेश शासन की हितग्राही समाधान योजना के प्रथम चरण की अवधि अब 31 जनवरी 2026 तक बढ़ाई गई है, जिसमें तीन माह से अधिक बकाया बिजली बिल वाले विद्युत बिलों में सरचार्ज में छूट का प्रावधान किया गया है, जिसका लाभ 3 माह से अधिक बकायादार उपभोक्ताओं को मिल सके, इसके लिए कार्य योजना बनाकर कार्य करने, एवं प्रत्येक उपभोक्ताओं को फोन के माध्यम से योजना की जानकारी देने के साथ प्रत्येक लाइन स्टाफ व्यक्तिगत रूप से उपभोक्ताओं से मिलकर योजना के बारे में विस्तृत जानकारी देकर बकाया राशि जमा करने हेतु निर्देशित किया गया।

## उत्कृष्ट कार्य के लिए दो सहकारी समिति सम्मानित




**सिवनी नवभारत।** कलेक्टर एवं बैंक प्रशासक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक सिवनी शीतला पटले के मार्गदर्शन व केके सोनी, महाप्रबंधक के निर्देशन में राज्य स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने के लिये जिले की दो बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों को एनसीडीसी राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम ने 06 जनवरी को भोपाल में पुरस्कृत किया गया है।

अपैक्स बैंक भोपाल के समन्वय भवन में आयोजित मुख्य कार्यपालन अधिकारियों की बैठक 06 जनवरी 2026 में राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम, सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार-क्षेत्रीय निदेशालय, भोपाल द्वारा सर्वश्रेष्ठ प्राथमिक सहकारी संस्था श्रेणी का उत्कृष्टता पुरस्कार 2025 संतकुमार राजपूत, प्रबंधक बीपेक्स बांकी तथा सर्वश्रेष्ठ प्राथमिक सहकारी संस्था श्रेणी का योग्यता पुरस्कार गणेश सिंगौर, प्रबंधक बीपेक्स खैरापलारी को सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग द्वारा दिया गया।

### यह रहे उपस्थित

कार्यक्रम में प्रमुख सचिव सहकारिता डीपी आहूजा, आयुक्त सहकारिता मनोज पुष्प तथा प्रबंध संचालक मनोज कुमार गुप्ता अपेक्स बैंक भोपाल की गरिमामय उपस्थिति रही तथा बैंक के महाप्रबंधक केके सोनी भी उक्त कार्यक्रम में उपस्थित रहें। साथ ही उक्त दोनों समितियों को शील्ड, प्रमाण पत्र भी प्रदान किये गये।



## जिला श्रमजीवी पत्रकार परिषद का सम्मेलन आयोजित

**सिवनी नवभारत।** 7 जनवरी दिन बुधवार को सुबह 11 बजे से नगर के बारापत्थर क्षेत्र स्थित निजी लान में वर्ष 2022 के तीन वर्षों के बाद श्रमजीवी पत्रकार परिषद जिला सिवनी ईकाई का वार्षिक सम्मेलन आयोजित हुआ जिसमें श्रमजीवी पत्रकार परिषद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के पदाधिकारियों सहित सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन, कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले, पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता एवं अनेक जनप्रतिनिधि के उपस्थिति में आयोजन किया गया सम्मेलन में मंच से बड़ी संख्या में पहुंचे जिला भर से सभी शहरी एवं ग्रामीण पत्रकारों के समस्याएं एवं परेशानियों और उनके हितों को लेकर विस्तार से चर्चा हुई आमंत्रित कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी पत्रकारों से सामाजिक न्याय के विषयों को अपनी सार्थक समाचारों को बगैर द्वेष भेदभाव के निष्पक्ष मुद्दे प्रकाशित करने पर और समाचार पत्र में अपने दायित्व के निर्वाहन करने की बात कही गई वहीं कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले द्वारा प्रिंट मीडिया पर हमेशा की तरह वर्तमान में भी विश्वसनीयता बरकरार है एवं आमजन की परेशानियों को जिला प्रशासन तक खबरें संज्ञान कराने के निस्वार्थ भाव से पहुंचाने कार्य किए जाने की सराहना की गई।




## एकलव्य स्पोर्ट्स एकेडमी का अंतरराज्यीय क्रिकेट टूर्नामेंट रोमांचक मोड़ पर

**केवलारी नवभारत।** एकलव्य स्पोर्ट्स एकेडमी द्वारा लगातार 10वें वर्ष आयोजित अंतरराज्यीय लेदर बाल क्रिकेट टूर्नामेंट के 11वें दिन केवलारी के बड़े ग्राउंड में पूल 'बी' का रोमांचक मुकाबला एसपी रिदा नागपुर एवं चंडीगढ़ की टीमों के मध्य खेला गया। मैच से पूर्व कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें खेल भावना के साथ बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। इसके पश्चात अतिथियों द्वारा टॉस कराया गया, जिसमें टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए एसपी रिदा नागपुर की टीम ने निर्धारित ओवरों में 152 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी चंडीगढ़ की टीम कड़े संघर्ष के बावजूद 138 रन पर ऑल आउट हो गई। इस प्रकार एसपी रिदा नागपुर की टीम ने 13 रन से यह मुकाबला अपने नाम किया।

मैच के दौरान खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। टूर्नामेंट के तहत अगला मुकाबला जलगांव और झांसी की टीमों के बीच खेला जाएगा, जिसे लेकर क्रिकेट प्रेमियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संजीव अवधिया, राजेश मोदी, रामनाथ चौरसिया, प्रवीण दुबे, विकास दुबे, डॉन नामदेव, विनीत तिवारी, राकेश जंघेला, राकेश अवधिया, रावतेले, शरद तिवारी सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

## मॉडर्न स्कूल के पारी साहू , अनेक व अस्तित्व का चयन



राष्ट्रीय स्तर जिमनास्टिक प्रतियोगिता में दिखायेंगे जौहर

**सिवनी नवभारत।** सिवनी नगर की प्रसिद्ध शैक्षणिक संस्था मॉर्डन हॉयर सेकेंडरी स्कूल मे अध्यनरत विद्यार्थियों का कोलकाता मे आयोजित होने वाली 69 वी शालिये राष्ट्रीयस्तर जिम्नास्टिक प्रतियोगिता में चयनित होने पर विद्यालय परिवार एवं शुभचिंतकों द्वारा बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की गयी है। मनीष मोनू मिश्रा खेल शिक्षक ने बताया कि गत दिवस महाकाल की नगरी उज्जैन में राज्यस्तरीय जिम्नास्टिक प्रतियोगिता का शिक्षा विभाग द्वारा आयोजन किया गया था। जिसमें मार्डन हायर सेकेण्डरी विद्यालय मे अध्यनरत विद्यार्थियों परी साहू, अनेक पंचेश्वर, अस्तित्व साहू, ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 69 वी शालिये राष्ट्रीयस्तरीय जिमनास्टिक प्रतियोगिता(कोलकाता) में अपना स्थान बनाया। एवं उनका चयन राष्ट्रीयस्तर पर हुआ है विद्यार्थियों की यहां उपलब्धि विद्यालय के लिए एक बड़ी उपलब्धि है और आशा करते है कि विद्यार्थी आगे भी अपनी प्रतिभा का प्रर्दशन इसी तरह जारी रखेंगे। उनकी इस उपलब्धि के लिए जिला शिक्षा अधिकारी एस एस कुमरे जिला क्रीड़ा अधिकारी श्रीमती जस्सी थॉमस विद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रीमती वंदना तिवारी डायरेक्टर, जनक तिवारी शाला इंचार्ज, संतोष चौबे, संतोष अग्रवाल, के के राठोर,शाला के खेल शिक्षक मनीष मोनू मिश्रा, शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने बधाई देते हुये उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित किया है।

**लापरवाही** | गोपालगंज स्थित एमकेपीएस स्टीम राइस मिल पर केमिकल युक्त अपशिष्ट छोड़ने का गंभीर आरोप, मिल बंद करने की मांग

# बैनगंगा में ज़हर घोल रही स्टीम राइस मिल, मंडरा रहा खतरा

**सिवनी/गोपालगंज नवभारत।** जिले की जीवनरेखा मानी जाने वाली पुण्य सलिला मां बैनगंगा नदी इन दिनों गंभीर प्रदूषण की चपेट में है। जिला पंचायत क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत गोपालगंज से होकर प्रवाहित होने वाली मां बैनगंगा में गोपालगंज-धमनियां रोड पर स्थित एमकेपीएस स्टीम राइस मिल (ऊसना प्लांट) द्वारा केमिकल युक्त जहरीला पानी छोड़े जाने का आरोप लगाया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मां बैनगंगा न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि सिवनी शहर सहित सैकड़ों गांवों की पेयजल आपूर्ति भी इसी नदी के जल से होती है। लोग पूजन-पाठ एवं विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों के लिए इसी पवित्र नदी के तट पर एकत्रित होते हैं। बावजूद इसके, राइस मिल द्वारा छोड़े जा रहे औद्योगिक अपशिष्ट ने बैनगंगा के जल को जहरीला बना दिया है।



बताया जा रहा है कि यह प्रदूषित जल आगे चलकर भीमगढ़ डेम तक पहुंच रहा है, जहां से सिवनी शहर और समूह नल-जल योजनाओं के माध्यम से लोगों को पीने का पानी सप्लाई किया जाता है। ऐसे में लाखों लोगों के स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है।

इतना ही नहीं, स्टीम राइस मिल में दहन प्रक्रिया के बाद निकलने वाली राख भी गोपालगंज क्षेत्र के वातावरण को प्रदूषित कर रही है। क्षेत्रवासी जहरीली हवा में सांस लेने को मजबूर हैं, जिससे सांस संबंधी एवं अन्य गंभीर बीमारियों की आशंका बढ़ती जा रही है। इस पूरे मामले को लेकर जिला पंचायत सदस्य घनश्याम सनोडिया, गोपालगंज सरपंच हरिशंकर साहू, दुर्गेश चक्रवर्ती, पंच राजकुमार बामनिया, रज्जू भाई, पंच शुभम शुक्ला,शरद चौरसिया, दीपक रजक, प्रहलाद चंद्रवंशी, विशाल अबधिया ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि उक्त राइस मिल से क्षेत्र को किसी भी प्रकार का लाभ नहीं मिल रहा है, उल्टा यह जल और वायु दोनों को प्रदूषित कर रही है। उन्होंने जनहित में इस स्टीम राइस मिल को स्थायी रूप से बंद कराने की मांग की है, ताकि जिले की जलवायु शुद्ध रह सके और आमजन का स्वास्थ्य सुरक्षित रहे।

अब देखना होगा कि प्रशासन इस गंभीर पर्यावरणीय और जनस्वास्थ्य से जुड़े मामले पर क्या कार्रवाई करता है।



## नगर परिषद की टीम ने लिया जल सप्लाई व्यवस्था का जायजा

**केवलारी नवभारत।** इंदौर शहर में बीते दिनों नगर निगम के द्वारा सप्लाई होने वाले पेयजल में सीवर के सीपेज से संक्रमित जल के सेवन से 15 मौत के नगरीय विकाश मंत्रालय भोपाल ने समस्त विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया कि नल जलप्रदाय योजनाओं से प्रदाय होने बाले पेयजल की गुणवत्ता की मानीटिरिंग की जाए। जल स्त्रोतो से चल रही परियोजनाओं के जल का परीक्षण कर गुणवत्तापूर्ण जल सप्लाई व्यवस्था लागू की जाए। इसी परिपेक्ष्य में श्रीमती सुनीता देवीसिंह बघेल अध्यक्ष नगर परिषद, श्याम गोपाल भारती मुख्य नगर पालिका अधिकारी, धीरेंद्र पुसाम कार्यालय अधीक्षक, पुरुषोत्तम बघेल, नीलिमा नितिन बघेल, प्रशांत तिवारी पार्षद, मयंक बघेल प्रभारी लोक निर्माण विभाग ने इंटेकवेल केवलारी, जल स्त्रोत बेनगंगा नदी का दौरा कर साफ सफाई, जल परीक्षण करने के निर्देश दिए।

**उपनाम एवं पता परिवर्तन सूचना**

मैं जायत्रा सलामे आयु 30 वर्ष पति श्री दीपक सलामे जाति गोंड निवासी ग्राम व पोस्ट बम्हनी, तहसील बरघाट जिला सिवनी (म.प्र.) यह कि मैं शपथकर्ता की जन्म तारीख 27/07/1995 है, जो कि मेरे आधार कार्ड क्रं. 2343 2328 8182 है, जिसमे मेरा नाम जायत्रा इडपाचे पिता रामसिंह इडपाचे निवासी बकोंडा सिवनी म.प्र. अंकित है।

मेरा विवाह दि. 26/04/2025 को हिन्दू रिति-रिवाज के अनुसार श्री दीपक सलामे जाति गोंड निवासी ग्राम बम्हनी, तहसील बरघाट, जिला-सिवनी (म.प्र.) से हिन्दू रीति-रिवाज के अनुसार विवाह संपन्न हुआ है यह कि, अविवाहित होने पर मेरा नाम समस्त शैक्षणिक एवं शासकीय दस्तावेजों में मेरा नाम कुमारी जायत्रा इडपाचे पिता श्री रामसिंह इडपाचे जाति गोंड निवासी ग्राम बकोंडा पोस्ट दुरेंदा तहसील केवलारी, जिला-सिवनी (म.प्र.) नाम प्रचलित था जो मेरे पूर्व के आधार कार्ड में अंकित है।

अब विवाहित होने से मेरा नाम श्रीमति जायत्रा सलामे पति श्री दीपक सलामे प्रचलित हो गया है अब मेरा विवाह के पश्चात् मेरा नाम श्रीमति जायत्रा सलामे पति श्री दीपक सलामे जाति गोंड निवासी ग्राम व पोस्ट बम्हनी, तहसील बरघाट जिला-सिवनी (म.प्र.) समस्त शासकीय/अर्द्धशासकीय शिक्षा/नौकरी अभिलेखों में लिखा पढा व मान्य किया जाए अपने आधार कार्ड क्रं. 2343 2328 8182 में अपना नाम श्रीमति जायत्रा सलामे पति श्री दीपक सलामे जाति गोंड निवासी ग्राम व पोस्ट बम्हनी, तहसील बरघाट जिला-सिवनी (म.प्र.) सरनेम एवं पति का नाम एवं पता संशोधित कर आधार कार्ड जारी कराने की पुष्टि करती हूं।

प्रार्थी
श्रीमति जायत्रा सलामे पति श्री दीपक सलामे
जाति गोंड निवासी ग्राम व पोस्ट बम्हनी,
तहसील बरघाट जिला सिवनी (म.प्र.)